436

दिनांक : 14—09—2015

सेवामें,

असीम श्रीवास्तव
सी0पी0आई0ओ0
भारतीय वन्यजीव संस्थान
चन्द्रबनी, देहरादून

विषय : पत्रांक संख्या–A/2-1/2007-WII (Vol.IX:2015-16 dated 11th September with RTI, Act-2005 Photocopy charges, Regards.

महोदय जी,

आपके उपरोक्त पंत्राक संख्या के अनुसार प्रार्थी को यह आदेश पत्र, सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत दिनांक 11—09—2015 को प्राप्त हुआ है। जिसमें प्रार्थी के द्वारा मांगी गई सूचना के रूप में, फोटो कापी भुगतान के लिए रूपये 88/– भुगतान करने का आदेश व जमा करने के लिए कहा गया है।

अतः महोदय जी, आवेदनकर्ता यह अवगत करवाना चाहता है कि आवेदनकर्ता ने आज दिनांक 14—09—2015 को वित्त अनुभाग में निदेशक महोदय जी, के नाम से जमा करा दिया, गया है तथा फोटो कापी साथ में संलग्न है।

आवेदनकर्ता का नाम — बलबीरसिंह चौहान

आवेदनकर्ता के हस्ताक्षर — बलबीरसिंह
(बलबीरसिंह चौहान)

आवेदनकर्ता का पता — 109—महिमा एनक्लेव केहरी गांव,
पो0ओ0—चन्दनवाड़ी, प्रेमनगर
देहरादून

PA(RTI)
कृपया उपरोक्त अनुसार ... कार्यवाही ... प्रस्तुत करें।
15.9.15

423

# RIGHT TO INFORMATION ACT (India)

## सूचना का अनुरोध पत्र–धारा 6(1) सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

सेवामें,

निदेशक महोदय (PIO)
भारतीय वन्यजीव संस्थान,
पो0बॉ0 न0–18, चन्द्रबनी,
देहरादून, उत्तराखण्ड।

संदर्भ :– कार्यलय द्वारा पत्रांक सं0–A/2-31/2002-WII dated 19th May, 2014 के संदर्भ में।

1. अनुरोध कर्ता का नाम – श्री बलबीरसिंह चौहान।

2. पिता का नाम – श्री जयसिंह।

3. पत्राचार का पूरा पता – 109–महिमा एनक्लेव, केहरी गांव, पो0ओ0–चंदनवाड़ी, प्रेमनगर, देहरादून।

4. इच्छित सूचना का स्पष्ट विवरण –

1. यह कि आपके संदर्भित पत्रांक दिनांक 19–05–2014 के द्वारा आवेदक कर्ता को यह अवगत कराया है कि प्रार्थी के प्रौन्नत का विषय भविष्य की होने वाली ऑडिट पार्टी के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा, यह स्पष्टकर्ता है कि महोदय द्वारा आवेदन कर्ता की सर्विस बुक में ऑडिट प्रार्टी के नोट दिनांक 26–09–2013 को यह स्पष्ट टिप्पणी अंकित कर दी गई है कि प्रार्थी को वेतनमान रू04500–7000 का दिनांक 27–11–2002 से दिया जाना न्यायहीत में है के सम्बन्ध में आवेदनकर्ता को यह सूचना उपलब्ध करवाने की महति कृपा करें कि आवेदनकर्ता को उक्त वेतनमान को स्वीकृत करने पर क्या कार्यवाही की गई है एवं कार्यलय के सम्बन्धित पत्रावली पर प्रार्थी के उक्त वेतनमान देने के सम्बन्ध में की गयी टीका टिप्पणी की ऑडिट प्रार्टी के नोट को, जो आवेदन कर्ता के सर्विस बुक में अंकित की गयी है को भी प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध कराने की कृपा करें।

2. यह कि आवेदन कर्ता तकनीकी कर्मचारी है तथा कर्मचारियों की "नियुक्ति व पदोन्नति निर्धारण नियम" के सम्बन्ध में नियमावली के नियम व अधिनियम भारत सरकार के लागू होतें है उसकी भी प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करवाने की महति कृपा करें और संस्थान में तकनीकी कर्मचारियों के लिए कौन–से नियम लागू किये जा रहें हैं। इसकी भी प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करवाने की महति कृपा करें।

DWII OFFICE
DIARY NO. 1673
DATE: 3/8/15

296 4/8/15

URGENT

WILDLIFE INSTITUTE OF INDIA
Right to Information Act, 2005
Apl. No. 11 Qtr. 2 Year 15-16
Fee 10 Inward Date 4/8/15

3. यह कि 5वें वेतन आयोग ने तकनीकी कर्मचारियों के वेतनमान रू01320–2040 को रू04500–7000 के वेतनमान में केवल तकनीकी कर्मचारियों के अगले वेतनमान(रू4500–7000में) में विलय या मर्ज किया गया है और संस्थान ने रू01320–2040 के वेतनमान को किस वेतनमान में मर्ज व विलय किया गया है, यह भी प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करवाने की महति कृपा करें।

4. यह कि भारत सरकार के शासनाआदेश पत्रांक सं0–F.No.7/14/2010-EIII (A) Government of India Ministry of Finance Department of Expenditure, New Delhi, 5th July 2010, के आधार पर आवेदन कर्ता के वर्तमान पे फिक्स फिटमेंट टेबल के आधार पर अनुपालन करना अनिवार्य है के संदर्भ में यह सूचना देने की महति कृपा करें कि आवेदन कर्ता के हक में दिनांक 01–01–2006 से किये गये आवेदन पर की गई कार्यवाही की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करवाने की महति कृपा करें।

5. यह कि प्रार्थी के पत्र 02–01–2015 पर सन्दर्भकर्ता शासन आदेश के अनुरूप कि फिटमेंट टेबल पर गत 26 माह की अवधि में की गयी कार्यवाही व कार्यलय में अंकित की गयी टिका टिप्पणी की प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करवाने की महति कृपा करें। जबकि प्रार्थी ने इस संबंध में दिनांक 02–01–2015 को लिखित रूप में कार्यालय को अवगत करवाया है।

6. यह कि आवेदन कर्ता उत्तराखण्ड की चकराता विधान सभा क्षेत्र, की अनुसूचित जनजाति (जौनसारी), तहसील–त्यूनी, जिला–देहरादून से सम्बन्धि है के संबंध में यह भी सूचना देने की महती कृपा करे कि इसके आधार पर आवेदन कर्ता को पदोन्नति में छुट प्राप्त होती है को ध्यान में रखते हुए प्रार्थी को कौन–से विशेष सुविधा प्रदान की गयी है यह भी प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करवाने महति कृपा करें।

7. यह कि प्रार्थी की कार्यालय द्वारा 5 बार पे फिक्स की गयी है की भी प्रमाणित प्रतिलिपि उपलब्ध करवाने की महति कृपा करें।

| | | |
|---|---|---|
| 8. आवेदन कर्ता द्वारा जमा शुल्क करने का प्रमाण–पत्र | – | धनराशि रू010/– का भारतीय पोटल आर्डर न0–26F 134580 दिनांक 01–08–2015 के शुल्क के रूप में संलग्न है। |
| 9. गरीबी रेखा से निचे आय का प्रमाण–पत्र (यदि लागू हो तो) | – | लागू नहीं है। |
| 10. आवेदन पत्र जमा करने की तिथि | – | दिनांक 01–08–2015 को स्पिड पोस्ट से प्रेषित है। |
| 11. आवेदक के हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान | – | बलबीरसिंह |

(श्री बलबीरसिंह चौहान)
निवासी 109–महिमा एनक्लेव, केहरीगांव
पो0ओ0–चंदनवाड़ी, प्रेमनगर, देहरादून।